तापमान

अधिकतम 36.3 डिग्री
न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 8 जुलाई 2025



11 मानसून में बढ़ते तंत्रिका व मस्तिष्क रोगों से रहें ...





12 अंबाला सदर नप के सदस्यों का 100 दिन का ...




## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर मे दर्ज नशा तस्करी मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने 10 किलो 200 ग्राम गांजा पत्ती के मामले में अब दूसरे आरोपी बिहार के विनोद साहनी को काबू किया था। इस मामले में पहले पुलिस ने बिहार के ही वीरेंद्र शाह को काबू किया था। गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि आरोपी विनोद साहनी भी इस मामले में संलिप्त है। 3 जुलाई 2025 को ने शहजादपुर के गांव पतरेहड़ी के पास मेन हाइवे पर से आरोपी वीरेंद्र शाह को 10 किलो 200 ग्राम गांजा पत्ती के साथ काबू किया था। उसके खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### डीएलएसए सचिव ने किया वन स्टाप सेंटर का दौरा



**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने वन स्टॉप सेंटर कुरुक्षेत्र का दौरा किया। वहां पर उन्होंने वहां की कार्यप्रणाली को देखा, विक्टिमस को दी जाने वाली सुविधाओं को भी जाना। साथ ही परिसर की साफ सफाई का जायजा लिया और उनके रजिस्टर भी चैक किए।

### मारपीट करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने नफे सिंह के साथ मारपीट करने के दो आरोपियों भादौड़ गांव निवासी संजय व सुनील उर्फ शीला को गिरफ्तार किया है। थाना इसराना प्रभारी महीपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में थाना इसराना में भादौड़ गांव निवासी नफे सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### इग्नू से एमबीए शुरू किया: डॉ धर्म पाल

**पानीपत।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए), लगभग सभी संभावित शिक्षार्थियों और नियोक्ताओं के लिए जाना जाता है। इग्नू का एमबीए प्रोग्राम एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त है। उद्योग के साथ-साथ रोजगार और बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, प्रबंधन संकाय ने एमबीए प्रोग्राम को पूरी तरह से पुनर्गठित किया है।

### विवाहिता लापता मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था में अपने मायके में तीन बच्चों के साथ निवास कर रही 35 वर्षीय महिला लापता हो गई। वहीं, मायके वालों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। विवाहिता अपने पति से अनबन के चलते मायके में रह रही थी। करीब 17 साल पहले महिला का विवाह हुआ था। इधर, लडकी की मां की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### दीवार से कार भिड़ी, उपचार के दौरान युवक की मौत

**अंबाला।** बोह गांव के निकट मजार के निकट रविवार शाम एक तेजरफ्तार कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। हादसे के समय कार में पांच युवक सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि कार चालक खटीक मंडी 37 वर्षीय राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे कैंट के नागरिक अस्पताल में लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि अर्जुन अपने दोस्तों के साथ काम पर गया था। इस दौरान अचानक कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। महेश नगर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

---

## करनाल: जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में कृषि मंत्री ने 8 शिकायतों का किया निपटारा

# निर्माण कार्य में लापरवाही पर ठेकेदारों को नोटिस मंत्री गंगवा बोले-ब्लैकलिस्ट करने में संकोच नहीं

*करनाल, असंध, निसिंग क्षेत्र के लोगों ने सड़क और अन्य निर्माण कार्यों की घटिया गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कराई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में सोमवार को करनाल, असंध, निसिंग क्षेत्र के लोगों ने सड़क और अन्य निर्माण कार्यों की घटिया गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कराई। लोगों ने बताया कि कई सड़कों की पहली बारिश में ही परतें उखड़ गई हैं और बजरी-पत्थर बिखर गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए बैठक की अध्यक्षता कर रहे कृषि मंत्री रणबीर गंगवा ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जांच कराने और दोषी ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जिन ठेकेदारों ने गुणवत्ताहीन कार्य किया है, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और भविष्य में किसी भी सरकारी टेंडर में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि जनहित के कार्यों में भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करें रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### 8 शिकायतों का निपटारा

बैठक में कुल 18 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से 8 का समाधान मौके पर किया गया। मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि शेष शिकायतों पर संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं और अगली बैठक में उन्हें भी सुलझा लिया जाएगा।





करनाल। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में समस्याएं सुनतें कृषि मंत्री मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो: हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों के खिलाफ केस के निर्देश

**करनाल।** बैठक में एक शिकायतकर्ता ने असंध क्षेत्र में बिना अनुमोदन बसाई गई अवैध कॉलोनियों का मुद्दा उठाया। शिकायत में बताया गया कि संबंधित विभागों की मिलीभगत से बिना लाइसेंस कॉलोनियां विकसित हो रही हैं और भूखंड बेचने वालों से मोटी रकम वसूली जा रही है। मामले पर संज्ञान लेते हुए मंत्री रणबीर गंगवा ने नगर योजनाकार विभाग के अधिकारियों से सख्त लहजे में पूछा कि अब तक इन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि एफआईआर योग्य मामला है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तुरंत प्राथमिकी दर्ज की जाए। मंत्री ने कहा कि बिना स्वीकृति के बसाई गई कॉलोनियों में लोगों की गाढ़ी कमाई दांव पर लगती है और बाद में वे मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसे मामलों में मासिक रिपोर्ट तैयार करें और पूर्व में दर्ज शिकायतों की स्थिति भी स्पष्ट करें।

### बीमा क्लेम में लापरवाही पर मंत्री ने लगाई फटकार

**करनाल।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में सोमवार को मूनक की एक महिला ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पति की मृत्यु के बाद एक साल से लंबित बीमा क्लेम न मिलने की शिकायत की। महिला ने बताया कि उसके पति सुरेश कुमार की मृत्यु 5 अगस्त 2024 को हो चुकी है, जबकि उससे पूर्व 25 मई 2024 को अंतिम प्रीमियम कट चुका था। सुरेश कुमार ने सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक मूनक शाखा में खाता खुलवाकर बीमा कराया था, लेकिन अब एलआईसी और बैंक अधिकारी कह रहे हैं कि मृतक इस योजना के लिए पात्र नहीं था। महिला ने बताया कि वह 9 अप्रैल 2025 से लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रही है, लेकिन समाधान नहीं हो रहा। शिकायत सुनते ही बैठक की अध्यक्षता कर रहे हरियाणा के कृषि मंत्री रणबीर गंगवा ने एलआईसी के अधिकारियों को सख्त लहजे में फटकार लगाई। उन्होंने कहा यदि मृतक योजना के लिए पात्र नहीं था तो उसका प्रीमियम क्यों लिया गया? और यदि पात्र था तो विधवा को उसका लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा?" उन्होंने निर्देश दिए कि इस मामले में तुरंत कार्यवाही होनी चाहिए और महिला को उसका बीमा क्लेम दिया जाए। मंत्री ने बैठक में स्पष्ट कहा कि जो अधिकारी इस मामले में लापरवाही बरत रहे हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एलआईसी अधिकारियों को इस विषय में लिखित जवाब तैयार करने के निर्देश भी दिए।

- मंत्री ने कहा जब मृतक इनएलिजिबल था तो प्रीमियम क्यों लिया
- 9 अप्रैल 2025 से लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रही है, लेकिन समाधान नहीं हो रहा।

### एसवाईएल पर हरियाणा का हक तय

**करनाल।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री रणबीर गंगवा ने सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर को लेकर हरियाणा सरकार की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि एसवाईएल हरियाणा का वैध और संवैधानिक अधिकार है, जिसे अब पंजाब को स्वीकार करना ही होगा। गंगवा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले ही निर्णय दिया जा चुका है कि एसवाईएल नहर का निर्माण पूरा होना चाहिए। पंजाब की सरकार बार-बार टालमटोल कर रही है, जो न केवल संविधान का उल्लंघन है बल्कि राष्ट्रीय हित के खिलाफ भी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस विषय पर गंभीर है और जल मंत्रालय के स्तर पर लगातार बैठकें चल रही हैं। मंत्री ने कहा कि हरियाणा के किसानों को उनके हिस्से का पानी मिलना जरूरी है। जब भी देश की कोई व्यवस्था न्यायिक स्तर पर तय हो जाती है, तो उस पर सभी राज्यों को अमल करना होता है। अब यह विषय कानूनी के साथ-साथ राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी है, उन्होंने जोड़ा।

#### जल्द हो सकता है समाधान

गंगवा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायक की भूमिका निभा रहे हैं और हर स्तर पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले महीनों में इस मुद्दे पर कोई निर्णायक पहल संभव है। उन्होंने पंजाब सरकार से भी आग्रह किया कि जल संकट को समझते हुए यथाशीघ्र न्यायपूर्ण समाधान में सहयोग करे।

---

#### यमुनानगर के कस्बा छछरौली में वारदात से हड़कंप

## कहासुनी में युवक ने दो भाइयों पर किया कुल्हाड़ी से हमला, एक की मौत

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया हत्या के आरोप में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के कस्बा छछरौली में कहासुनी होने पर एक युवक ने कुल्हाड़ी से दो सगे भाइयों पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में इलाज के दौरान एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



जानकारी के अनुसार गत रात्रि करीब साढ़े 10 बजे मूल रुप से मारवांकला निवासी अनिल और रामकुमार छछरौली स्थित अपने घर के बाहर गली में झगड़ा कर रहे थे। इस दौरान पास ही रहने वाला मनप्रीत सिंह उर्फ सन्नी वहां पहुंचा और उन दोनों की सन्नी के साथ बहस हो गई। तैश में आकर सन्नी ने घर से कुल्हाड़ी लेकर आया और दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें पीजीआई रेफर किया गया। लेकिन उनमें से अनिल कुमार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि काफी समय पहले सन्नी ने इन दोनों भाइयों पर गुरुद्वारे में चोरी के आरोप लगाए थे। तभी से इनमें आपसी रंजिश थी।

उधर, छछरौली थाना इंचार्ज ने बताया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। आरोपी पर बीएनएस 103, 126(2), 115(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मौके पर फोरेंसिक की टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। दूसरे घायल का इलाज पीजीआई में चल रहा ह

### देश के विकास में बाधा है नशे की लत: ढांडा

**पानीपत।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के प्रांगण में डीएसपी पुलिस हेडक्वार्टर की ओर से नशा मुक्त अभियान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरपाल ढ़ांडा, विशिष्ट अतिथि डीएसपी सतीश वत्स, समाज सेविका सविता आर्य, समाजसेवी संजय तोमर, अमित वर्मा, हरीश अरोडा, सुरेश गुम्बर ने शिरकत की। जबकि प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने अतिथियों हरपाल ढ़ांडा, सतीश वत्स सविता आर्य शुद्ध पर्यावरण के प्रतीक पौधे भेंट कर के स्वागत किया। जबकि विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गा कर मेहमानों का मान बढाया। कक्षा सातवीं के छात्र प्रणय ने अपनी ओजस्वी कविता 'नशामुक्ति' के माध्यम से कहा कि कि नशा केवल व्यक्ति की शारीरिक क्षति नहीं करता, बल्कि उसके परिवार, समाज और देश के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है।

#### सीआईए और स्थानीय पुलिस ने मौके पर लिया हालात का जायज़ा, जांच जारी

## करनाल: बड़ा गांव में दो पक्षों में कहासुनी के बाद झड़प, फायरिंग से गांव में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के बड़ा गांव में रविवार देर रात आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते एक पक्ष की ओर से बड़ी संख्या में युवक सात-आठ गाड़ियों में भरकर गांव पहुंचे और दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। इस हमले में लाठी-डंडे, पत्थर आदि का इस्तेमाल किया गया और कुछ गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए गए। ग्रामवासियों के अनुसार, हमलावरों की संख्या लगभग 30 से 40 थी, जबकि दूसरा पक्ष संख्या में कम, केवल 5-6 युवक थे, जिन्होंने एकजुट होकर जवाबी प्रतिक्रिया दी और हमलावरों को खदेड़ दिया। इसी दौरान गांव में गोली चलने जैसी आवाजें भी सुनी गईं, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया।



हालांकि पुलिस का कहना है कि गोली लगने की कोई पुष्टि नहीं हुई है और मौके से कोई जिंदा कारतूस या खोल नहीं मिला है। कुछ लोगों के बयानों में गोली चलने की बात जरूर सामने आई है, लेकिन पुलिस इसकी जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही सीआईए टीम और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गांव में गश्त बढ़ा दी है और तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। जांच अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते यह विवाद हिंसा में बदल गया।

#### पुलिस सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही

पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि हमलावर कौन थे और वे कहां से आए थे। अब तक किसी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। अधिकारी सुल्तान सिंह ने कहा कि जैसे ही शिकायत मिलेगी, उसी आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है, लेकिन पुलिस एहतियातन निगरानी बनाए हुए है।

---



### कराटे में पानीपत की नीतू ने यूएस में दो गोल्ड मेडल जीते

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था की बेटी और आईटीबीपी में कॉन्स्टेबल नीतू जागलान ने अमेरिका के बर्मिंघम में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने 21वें वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स सन 2025 की कराटे प्रतियोगिता में एकल और युगल दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। वहीं, नीतू की यह पहली अंतरराष्ट्रीय सफलता नहीं है। उन्होंने सन 2019 में चीन में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और सन 2023 में नीदरलैंड में रजत पदक हासिल किया था। वर्तमान में वह पंचकूला, हरियाणा में आईटीबीपी (इंडो तिब्बत सीमा पुलिस) में कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। दूसरी ओर, नीतू के पिता समरजीत जागलान के अनुसार, उन्हें बचपन से ही कराटे का शौक था। नीतू ने अपने परिवार से किए वादे को पूरा करते हुए देश और गांव का नाम रोशन किया है। परिवार ने उनकी इस रुचि को देखते हुए हमेशा पूरा सहयोग दिया। नीतू की इस उपलब्धि पर गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। नीतू न केवल एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, बल्कि अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाती हैं।

- अमेरिका में चल रहे पुलिस व फायर गेम्स में ले रही है भाग

**कार्रवाई** आरोपियों के कब्जे से 87 लाख की संपत्ति जब्त

## अंबाला में सात महीने में नशा तस्करी के 1858 अभियोग, 3051 तस्करों को काबू कर भेजा जेल

- नशे के खिलाफ छात्रों को दिलवाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रदेश को नशामुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। हर रोज नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध 11 अभियोग अंकित किए जा रहे हैं। इनमें 17 अपराधियों को कारागार का मार्ग दिखाया जा रहा है। साथ ही जागरूकता के माध्यम से भी नशे के विरुद्ध एक युद्ध आरम्भ किया हुआ है। नशे के विरुद्ध सोमवार को 100 वां जागरूकता कार्यक्रम किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल से यात्रा करते हुए नशे के विरुद्ध अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे डीएवी स्कूल अंबाला छावनी में पहुंचे। यहां प्राचार्या डॉ. सीमा दत्त की उपस्थिति में नशे के विरुद्ध कार्यक्रम किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नशा प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त दो प्रकार का है। यद्यपि दोनों प्रकार के नशे बहुत अधिक घातक है तो भी प्रतिबंधित नशा मनुष्य के प्राण हरता है। उन्होंने हुक्के पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि यह भी समाज में एक भ्रांति के रूप में बढ़ रहा है। इसका भी त्याग बहुत अधिक आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा इस वर्ष जनवरी से जून तक 1858 अभियोग अंकित कर 3051 से अधिक नशा तस्करों को कारागार तक पहुंचाया है। इस वर्ष नशा तस्करी में संलिप्त 87 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में कोई व्यक्ति इस दलदल में जा सकता है। इस संभावना को शून्य करने के उद्देश्य से जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि कोई भी व्यक्ति नशे के विरुद्ध देश सेवा के सच्चे अभियान से जुड़कर 1933 अथवा 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।



अंबाला। नशे के खिलाफ शपथ लेते छात्र। फोटो: हरिभूमि

### कनाडा भेजने के नाम पर ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार



**यमुनानगर।** दंपति को कनाडा भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को जिला पुलिस की आर्थिक अपराध अन्वेषण सेल की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेशकर मामले में जांच शुरू कर दी। आर्थिक अपराध अन्वेषण सेल के प्रभारी निरीक्षक केवल सिंह ने बताया कि छछरौली निवासी मनिंद्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका पोता व पोत्रवधू विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उनकी पवन उर्फ डेविड से मुलाकात हो गई। आरोपी ने उन्हें कनाडा का वर्क वीजा लगवाने का झांसा दिया। इस दौरान आरोपी ने उन्हें कनाडा भिजवाने के नाम पर 20 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। इस दौरान आरोपी ने गत 11 नवंबर को उनसे शुरूआत में एक लाख रुपये लिए। बाद में अलग अलग समय में आरोपी ने उनसे 15 लाख रुपये ले लिए। इस दौरान आरोपी ने उनका कुछ दिन के बाद वर्क वीजा लगवाए जाने का वादा कर लिया। आरोप है कि वादा पूरा होने पर आरोपी ने उनका कनाडा का वर्क वीजा नहीं लगवाया।

- दंपति को कनाडा भेजने के नाम पर ठग लिए थे 15 लाख रुपये

# 114814 संपत्तियां सत्यापित की, प्रदेश में टॉप पर यमुनानगर निगम

◆ मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम द्वारा शहर में 53.28 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने का जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम ने निगम क्षेत्र की 215468 में से 114814 संपत्तियां सत्यापित की जा चुकी हैं। 53.28 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने के साथ नगर निगम यमुनानगर.जगाधरी प्रदेश में पहले स्थान पर है। शत प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित करने के लिए निगम कर्मचारी घर घर जाकर लोगों की संपत्तियां सत्यापित कर कर रहे हैं। इसके लिए निगम के तीनों कार्यालयों में बने नागरिक सुविधा केंद्रों पर भी लोगों की संपत्तियां सत्यापित की जा रही हैं। मेयर सुमन बहमनी ने यह जानकारी दी।



उन्होंने कहा नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आईडी स्वयं सत्यापित कराएं। अपनी प्रॉपर्टी आईडी स्वयं सत्यापित कराने में घर आने वाले निगम कर्मचारियों की मदद करें। खाली प्लाट मालिक निगम कार्यालय आकर अपनी प्रॉपर्टी सत्यापित कराएं। संपत्ति सत्यापित करने से जहां उनकी प्रॉपर्टी सुरक्षित रहेगी। वहींए उनकी प्रॉपर्टी आईडी से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा। ऐसा करने से प्रॉपर्टी मालिक प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से भी बच जाएगा। जब तक नगर निगम क्षेत्र की हर संपत्ति सत्यापित नहीं हो जाती हैं तब तक संपत्ति सत्यापित करने का कार्य जारी रहेगा।

## सत्यापित कराने से सुरक्षित रहेगी मालिक की संपत्ति, लोग करें सहयोग



निगम कार्यालय में प्रापर्टी आईडी सत्यापित करवाते नागरिक

| नगर निगम | कुल संपत्तियां | सत्यापित | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| ▶▶ यमुनानगर | 215468 | 114814 | 53.28 |
| ▶▶ पानीपत | 181036 | 85705 | 47.34 |
| ▶▶ हिसार | 155451 | 71275 | 45.85 |
| ▶▶ पंचकुला | 103649 | 41241 | 39.78 |
| ▶▶ रोहतक | 218641 | 80806 | 36.95 |
| ▶▶ मानेसर | 166894 | 62281 | 37.31 |
| ▶▶ करनाल | 170649 | 57801 | 33.87 |
| ▶▶ गुरुग्राम | 700769 | 188302 | 26.87 |
| ▶▶ फरीदाबाद | 729812 | 187034 | 25.62 |
| ▶▶ अंबाला | 125901 | 32030 | 25.44 |
| ▶▶ सोनीपत | 197842 | 45460 | 22.97 |

### खाली प्लाट दर्ज कराएं ब्यौरा

निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने प्लाट मालिकों से अपने खाली प्लाटों का ब्यौरा दर्ज करवाने व प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित कराने की अपील की। प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करवाना जरूरी है। यदि खाली प्लाट मालिक ऐसा नहीं करेंगे तो उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। मालिक स्वयं आईडी प्रमाणित करने में सक्षम नहीं है तो वह निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों के काउंटरों पर जाकर अपनी प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करवा सकते है।

## खबर संक्षेप



### बाबा बंसीवाले की पुण्यतिथि मनाई

**रादौर।** शिव मंदिर अंधेरिया बाग में सोमवार को भंडारे वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुए बाबा बंसी वाले की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान शिव मंदिर अंधेरिया बाग में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने बाबा को याद करते हुए भजन कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। शाखा प्रधान अश्विनी कुमार व राजीव गोयल ने बताया कि बाबा बंसी वाले निर्लेप आत्मा थे। जब उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया तो उन्होंने पूर्व में ही अपने अनुयायियों को बता दिया था कि वे अपनी गद्दी पर किसी को बिठाकर नहीं गए उनका कहना था कि गद्दी किसी की नहीं है ना मैं गद्दी पर था। न कोई होगा। यह स्थान उसे अदृश्य शक्ति का है जो हम सबको एक खिलौने की तरह क्रीडा करवाता है।

### रास्ता रोककर दो भाइयों पर कुल्हाड़ी से हमला

**यमुनानगर।** छछरौली में एक युवक ने दो भाइयों को रास्ते में रोक कर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली निवासी नीरू ने बताया कि रात को साढ़े 10 बजे उसका पति राम कुमार तथा देवर अनिल कुमार अपने काम से घर लौट रहे थे। रास्ते में सनी उर्फ मनप्रीत सिंह ने उन्हें रास्ते में रोक लिया व बहस के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी उसके पति की गर्दन व टांग पर लगी जबकि उसके देवर अनिल कुमार की बाजू व हाथ पर कुल्हाड़ी लगने से घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

### लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटाए केस

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय लोक अदालतें आपसी सहमती से मामलों को निपटाने में कारगर सिद्ध हो रही हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने दी। उन्होंने बताया कि दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को जिला न्यायिक परिसर में किया जाएगा। जिसमें आपराधिक, एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, एमएसीटी, वैवाहिक, श्रम, भूमि अधिग्रहण, बिजली, पानी के मामले निपटाए जाएंगे।

### जिलास्तरीय समाधान शिविर में 12 शिकायतों का किया समाधान

# शहर में बढ़ रहा आवारा कुत्तों का आतंक सीएम विंडो भी समाधान करने में नाकाम

सीटीएम बोले, समाधान शिविरों में शीघ्रता से हो रहा समस्याओं का समाधान बिलासपुर, छछरौली और रादौर में भी सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में 12 शिकायतों का निपटान किया गया। इस दौरान शिविर में सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका सममाधान किया।

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों ने 12 समस्याएं रखी। जिनमें जठलाना निवासी तारा देवी ने राशन कार्ड बनवाने बारे, मोहन सिंह यमुनानगर निवासी ने सीएम विंडो की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने बारे, जगाधरी के सेक्टर-17 निवासी विशाल अग्रवाल ने सिवरेज बंद होने बारे, महेश्वरी निवासी मेहन्दी हसन ने कानूनी कार्रवाई करने बारे, सरोजनी कॉलोनी निवासी विमल कुमार ने सड़क बनवाने बारे, वार्ड नंबर-16 जोगिन्द्र नगर निवासी रामतीर्थ यादव ने आवारा कुत्तों को पकडने बारे शिकायत रखी।

करहेड़ा खुर्द निवासी अनिल कुमार ने फैमिली आईडी ठीक करवाने बारे, फेजपुर निवासी अकरम ने आयुष्मान कार्ड बनवाने बारे, मिरजापुर निवासी सतपाल सिंह ने ड्राईविंग लाईसेंस न मिलने बारे, विकासनगर निवासी अमित शर्मा ने खंबों पर बिजली लाईट लगवाने बारे, ककड़ौनी निवासी जयकुमार ने गली बनवाने बारे व झाड़ चंदना निवासी बनारसी दास ने अवैध कब्जा करने बारे समस्या रखी। जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर समाधान करने के निर्देश दिए।



यमुनानगर। सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश पीयूष गुप्ता।

### » समस्याओं का त्वरित गति से समाधान का होता है प्रयास

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को जिला मुख्यालय के साथ उपमंडल पर भी एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया।

### जनता और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का मंच

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। इस अवसर पर डीएसपी कंवलजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर में मार्केट कमेटी कार्यालय में खड़ी दमकल की गाड़ी।

# रादौर में नहीं है विभाग का कार्यालय, गाड़ी खड़ी करने को भटक रहे दमकल कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ स्थानीय लोगों ने सरकार से की रादौर में दमकल विभाग का स्थाई कार्यालय बनाए जाने की मांग।

रादौर को उपमंडल का दर्जा मिले हुए कई वर्ष बीत चुके हैं। मगर अभी तक रादौर कस्बा में दमकल विभाग का कोई स्थाई कार्यालय नहीं बनाया गया है। जिसकी वजह से दमकल कर्मचारी दमकल गाड़ी को खड़ा करने के लिए दर दर भटकने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार से रादौर में दमकल की गाड़ी खड़ी किए जाने के लिए स्थान निर्धारित किए जाने व विभाग का स्थाई कार्यालय बनाने की मांग की है।

**यह कहते हैं लोग**

क्षेत्र के सचिन,संदीप सिंह, राजेश कुमार, नरेश कुमार व प्रदीप आदि ने बताया कि क्षेत्र के लोगों की मांग पर सरकार ने कुछ समय पहले रादौर में फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी खड़ी करने की व्यवस्था की थी। मगर गाड़ी खड़ी करने के लिए ना तो स्थान निर्धारित किया या और ना ही विभाग का कोई स्थाई कार्यालय बनाया गया। दमकल कर्मचारी दमकल की गाड़ी को खड़ा करने के लिए जिस भी सरकारी विभाग के परिसर में जाते हैं उन्हें वहां से जाने को बोल दिया जाता है। जिसकी वजह से दमकल कर्मचारी दमकल की गाड़ी को कभी यहां तो कभी वहां ले जाने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में सरकार व प्रशासन को फायर ब्रिगेड की गाड़ी रादौर में खड़ी करने के लिए स्थाई स्थान व कार्यालय बनाया जाना चाहिए। ताकि इलाके के सैंकड़ो गांव के लोगों की किसी भी अग्निकांड से सुरक्षा हो सके। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि रादौर में दमकल गाड़ी खड़ी करने की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं की गई तो इलाके के लोगों को आग लगने पर इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।



### भाकियू ने की प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में डिजिटल कांटों की व्यवस्था करने की मांग

**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सदस्यों ने प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में डिजिटल कांटे लगाए जाने की व्यवस्था किए जाने समेत किसानों की अन्य मांगो करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदेशाध्यक्ष रतनमान व जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर के नेतृत्व में रादौर की अनाज मंडी में एकत्र हुए व नारेबाजी करते हुए कृषि मंत्री के निवास पर पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में डिजिटल तोल कांटे लगाए जाने, धान के सीजन से पहले मार्केट कमेटी के सचिव को डिजिटल कांटे लगवाने के आदेश जारी किए जाने, धान की तुलाई का कट्टों में धान का भार साढ़े 37 किलोग्राम करने की बजाए 37, 38 या फिर 40 किलोग्राम तोल निर्धारित किए जाने, 500 ग्राम के तोल को बंद किए जाने, नूंह के रोजका में भूमि अधिग्रहण मामले में किसानों को सही मुआवजा देने, किसानों के साथ किए गलत अनुबंध को रद्ध करने, व सीएम से बातचीत करवाकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि पिछले गेहूं के सीजन में अनाज मंडियों में किसानो के साथ नापतोल में गड़बडी पाई गई थी।

### हादसाः ट्रक को पीछे करते समय कुचलने से एक व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

**यमुनानगर।** औद्योगिक नगर के दो सौ क्वार्टर के पास ट्रक को पीछे करते समय कुचले से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपकर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुराना हमीदा गढ़ी रोड निवासी जुगेश कुमार ने बताया कि उसका भाई सोमनाथ शर्मा इंडस्ट्री एरिया में काम करता था। छह जुलाई की सुबह वह काम पर गया था। इसी दौरान 200 क्वार्टर इंडस्ट्री एरिया में ट्रक चालक अपने ट्रक को पीछे कर रहा था। ट्रक चालक द्वारा लापरवाही से ट्रक को पीछे करते समय उसके भाई सोमनाथ शर्मा को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।



### पीएम मोदी के नेतृत्व में ग्यारह वर्षों में लिए गए ऐतिहासिक फैसलेः घनश्याम

**यमुनानगर।** भाजपा के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को मॉडल टाउन स्थित स्थानीय कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिटी विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने वय वंदन योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनकल्याण को समर्पित भाव से काम कर रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में गरीब, किसान, श्रमिक और बुजुर्गों के हित में ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। वय वंदन योजना के तहत बुजुर्ग नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है और आयुष्मान भारत योजना उनके लिए वरदान साबित हो रही है। इससे उन्हें गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को 5 लाख रुपये तक का सालाना मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी और अधिकारियों को निर्देश दिए।

### पैदल जा रही महिला से स्नेचिंग का गिरफ्तार

**यमुनानगर।** कैंप बाजार में दो दिन पहले महिला से हुई स्नेचिंग के आरोपी को सीआईए वन पुलिस टीम ने शहर के इंडस्ट्रियल एरिया से गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। सीआईए वन इंचार्ज वीरेंद्र वालिया ने बताया कि टीम ने सूचना पर इंडस्ट्रीज एरिया में बाइक पर संदिग्ध घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। जिसने अपनी पहचान कैंप निवासी रोहन के रूप में बताई। आरोपी ने पांच जुलाई को कैंप बाजार से पैदल जा रही एक महिला से बाइक पर सवार होकर पर्स छीना था। जिसमें मोबाइल व 200 रूपये थे। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। आरोपी पर पहले भी दो मामले विभिन्न धाराओं में दर्ज है। जो कोर्ट में विचाराधीन हैं। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी नशे का आदि है और इसी को लेकर वारदात को अंजाम देता था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### सैनी समाज ने यूपी के मंत्री को दी जन्मदिन की बधाई

**रादौर।** सैनी समाज रादौर के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री जसवंत सैनी का 57 वां जन्मदिन सोमवार को उनके निवास स्थान पर केक काटकर मनाया। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने समाज के अन्य सदस्यों के साथ राज्यमंत्री जसवंत सैनी को बुके भेंटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि जसवंत सैनी भाजपा के पुराने नेताओं में शामिल हैं। वह लंबे समय से पार्टी की सेवा कर रहे है। पार्टी ने भी उनकी सेवाओं को देखते हुए उनको मंत्री के पद से नवाजा है। राज्यमंत्री ओबीसी वर्ग से आते हैं तथा जमीन से जुड़े किसान नेता हैं। उन्होंने हमेशा से ही कमजोर व जरूरतमंद वर्ग की सहायता आगे बढ़कर की है।

# रोटेरियन हरजीत सैनी खुर्दबन बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब रादौर की एक पैलेस में नई कार्यकारिणी का गठन व शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें हरियाणा शुगर फेड के चेयरमैन चौ. धर्मबीर सिंह डागर, नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु मौजूद रहे।

समारोह में सर्वसम्मति से गठित की गई नई कार्यकारिणी में रोटेरियन हरजीत सैनी खुर्दबन को क्लब का प्रधान नियुक्त किया गया। रोटेरियन भारत माटिया को सचिव,पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा सरक्षंक व डॉ. एससी सैनी मुख्य सलाहकार, डॉ. शुभम सलूजा व मोहित गर्ग को उप प्रधान, अशीष वर्मा को सह सचिव व लगातार चौथी बार मोहनलाल अरोड़ा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। गुंजन अरोड़ा को मीडिया प्रभारी व राजीव आर्य को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। निदेशक मंडल में यतेन्द्र वर्मा, मलखान सिंह सढ़ुरा, डॉ.सुदेश बंसल, रणधीर चौधरी, एडवोकेट सुरेश बंचल, डॉ. अमन पंजेटा, संदीप अग्रवाल व अमित गुप्ता को शामिल किया गया।

डॉ. अशोक मिगलानी को क्लब का सार्जेंट अटार्म नियुक्त किया गया है। जसवंत सिंह बंचल को रोट्रेक्ट चेयरमैन, संदीप सढ़ुरा व सतीश चौधरी को रोटरी फांउडेशन चेयरमैन नियुक्त किया गया। भारत माटिया को अगला संभावित प्रधान नियुक्त किया। डॉ. अशोक ने नवनियुक्त प्रधान हरजीत सैनी व सचिव भारत माटिया को कॉलर पहनाकर कार्यभार सौंपा। इसके बाद नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। डॉ. सुदेश बंसल ने एक वर्ष के दौरान कल्ब द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। समारोह में न्यू राइसिंग स्कूल मंडौली के चेयरमैन रमनदीप सिंह को मुख्यातिथि चौधरी धर्मबीर सिंह डागर ने लेपल पिन लगाकर सदस्यता प्रदान की गई। अतिथियों ने नवनियुक्त प्रधान व कार्यकारिणी को बधाई दी।



**बंसत पंचमी पर गरीब कन्याओं की शादीः** नवनियुक्त प्रधान हरजीत सैनी ने कहा कि क्लब की ओर से आगामी 23 जनवरी को बंसत पंचमी पर 5 जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामुहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रादौर में रोटरी भवन बनाने पर कार्य शुरू किया जाएगा।

### प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने सिटी विधायक को सौंपा ज्ञापन

# बिजली दरों में बढ़ोतरी से आमजन है परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा ने सरकार से बिजली दरों में की बढ़ौतरी व फिक्सड चार्ज के निर्णय को वापस लिए जाने की मांग की है। उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल के नेतृत्व में सीएम के नाम सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार सुबह उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल के नेतृत्व में सिटी विधायक यमुनानगर के कार्यालय में पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम सिटी विधायक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बिजली निगम की गलत नीतियों के कारण आज आमजन परेशान है। बिजली निगम द्वारा बिजली यूनिटों की दरों में वृद्धि कर दी गई है। वहीं, फिक्स चार्ज के माध्यम से आम आदमी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों में अप्रत्याशित चार्ज बढ़ने से बिजली दर में भारी वृद्धी हो गई है। जिससे मंदी की मार झेल रहे उद्योग भी बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा की नए नियमों के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर भी फिक्स्ड चार्ज लगाया जा रहा है। और स्लैब में बदलाव किए गए हैं। इससे बिजली बिल 12 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। व्यापारी वर्ग भी इस फैसले से बहुत चिंतित है। बिजली दरों की स्लैब में बदलाव किए जाने व प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज लगाए जाने के कारण उपभोक्ताओं के बिल बढ़ गए हैं। सबसे अधिक मार पांच किलोवाट के कनेक्शन धारकों पर पड़ी है। मौके पर मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने कहा कि एक तरफ सरकार स्वदेशी को बढ़ावा देने की बात कर रही है।वहीं, बिजली की दरों में वृद्धि करके लोगों को परेशान किया जा रहा है। जिससे उद्योगों के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी व फिक्सड चार्ज के निर्णय को वापल लिए जाने की मांग की। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने व्यापारियों को उनकी मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाए जाने का आश्वासन दिया।



### रोजगार सुरक्षा गारंटी देने में देरी कर रही सरकार

**रादौर।** विद्युत कर्मचारी यूनियन की बैठक सोमवार को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम रादौर सब डिवीजन कार्यालय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष आशीष धीमान ने की। मौके पर यमुनानगर डिवीजन के यूनिट अध्यक्ष प्रिंस बिंद्रा भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष आशीष धीमान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा रोजगार सुरक्षा देने में देरी हो रही है । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को बने हुए दस महीने से अधिक का समय हो गया है। मगर अभी तक सरकर द्वारा कर्मचारियों को रोजगार की सुरक्षा गारंटी नहीं दी गई है। जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। धीमान ने कहा कि 18 जुलाई को पंचकूला में हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एमडी कार्यालय के समक्ष बड़ा आंदोलन किया जाएगा। हरियाणा पावर जेनरेशन थर्मल के एमडी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि इसके बाद भी सरकार द्वारा रोजगार सुरक्षा के लिए एसओपी जारी नहीं की जाती है तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### शिव महापुराण कथा का शुभारंभ 10 जुलाई को



**पिहोवा।** प्रांची तीर्थ स्थित श्रीवशिष्ठेश्वर महादेव मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए पंडित मनीष शास्त्री ने बताया कि यह कथा शिव प्रेमियों एवं नगर वासियों के सहयोग से 10 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शास्त्रोंनुसार भगवान शिव के अति प्रिय सावन मास में शिव महापुराण कथा का पठन एवं श्रवण अत्यंत फलदायी बताया गया है।

### श्री कृष्ण कृपा गोशाला में प्रभात फेरी का आयोजन



**पिहोवा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को श्री कृष्ण कृपा गौशाला, पिहोवा में एक अत्यंत भव्य और दिव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह आयोजन गौशाला के समर्पित सेवादारों द्वारा श्रद्धा, प्रेम और सेवा भाव से सम्पन्न हुआ। गीता मनीषी, परम पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज की साक्षात उपस्थिति ने इस शुभ प्रभात बेला को अद्वितीय बना दिया, जिनकी वाणी और दर्शन से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।

### साइकलिंग, जूडो और हॉकी प्रतियोगिता 11 से

**कुरुक्षेत्र।** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा जिला कुरुक्षेत्र में लड़के व लड़कियों की साइकिलिंग, लड़के व लड़कियों की जूडो और लड़कों की हॉकी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 11 जुलाई से 13 जुलाई करवाया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं को जिला कुरुक्षेत्र में भिन्न-भिन्न स्थानों पर करवाया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 1000 खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए 10 जुलाई को ही खिलाड़ी पहुंच जाएंगे।

### 31 तक चलेगा स्टॉप डायरिया अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा.सुखबीर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया (दस्त) से बचाने के लिए स्टॉप डायरिया अभियान चला हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अभियान 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया (दस्त) से बचाव के बारे मे बच्चो व उनके अभिभावकों को जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा वर्कर, एएनएम, सीएचओ, आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर के द्वारा घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चो को दो-दो ओआरएस के पैकेट तथा 14-14 जिंक टेबलेट वितरित किए जा रहे हैं तथा ओआरएस घोल बनाने तथा जिंक टैबलेट के प्रयोग के बारे मे जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने बच्चो को डायरियासे बचाने के लिए स्वच्छता हाथ धोने का सही तरीका बताया।

## केयू आईआईएचएस में हुई फिजिकल काउंसलिंग

# बीए में हरियाणा जनरल कैटेगरी की प्रथम मेरिट 92 पर पंहुची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीए में दाखिले के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों का दाखिला लेने के लिए रुझान देखने को मिला। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि आईआईएचएस में बीए के लिए क्रम संख्या 1 से 200 तक के विद्यार्थियों की सोमवार को फिजिकल काउंसलिंग की गई जिसमें विद्यार्थियों के मूल दस्तावेजों की जांच की गई। आज आल इंडिया जनरल कैटेगरी(106.2 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक), ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस कैटेगरी (99.8 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक), तथा हरियाणा जनरल कैटेगरी(99.8 प्रतिशत से 92 प्रतिशत तक) वाले 200 क्रम संख्या तक वाले विद्यार्थियों की फिजिकल काउंसलिंग की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि क्रम संख्या 201 से आगे वाले अभ्यर्थियों को फिजिकल काउंसलिंग के लिए 08 जुलाई को कमरा नंबर 26 में प्रातः 9 बजे अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। काउंसलिंग में आईआईएचएस के शिक्षकों बी.ए. प्रवेश समिति संयोजक प्रो. निरुपमा भट्टी, प्रो. शशि, प्रो. सुकरमवती, लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. ज्ञान चहल, डॉ. हरिओम फुलिया, डॉ. संदीप, डॉ. रजनी, डॉ. अश्वनी, डॉ. रामचंद्र, डॉ. अभिलाषा, डॉ. तन्नु, डॉ. सतपाल, डॉ. सुरजीत, डॉ. वीर विकास सहित अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि पीजी प्रोग्राम्स की मेरिट लिस्ट 14 जुलाई को लगाई जाएगी। एडवांस डिप्लोमा, डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स के लिए प्रथम मेरिट लिस्ट 1 अगस्त को लगाई जाएगी तथा 2 जुलाई को दाखिले के लिए 2 अगस्त तक फीस जमा करनी होगी व मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा। दूसरी मेरिट लिस्ट 5 अगस्त को लगेगी तथा दाखिले के लिए 6 अगस्त तक फीस जमा करनी होगी व मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा।

### कुवि में यूजी तथा इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स की मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को लगेगी

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार यूजी तथा इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स की मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को लगाई जाएगी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बी.ए. मास कम्युनिकेशन, बी.एससी. (ग्राफिक्स और एनिमेशन), बी.एससी. (मल्टीमीडिया), बी.एससी. (प्रिंटिंग और पैकेजिंग टेक.), बीबीए (ऑनर्स), एमबीए 5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट और कैटरिंग टेक्नोलॉजी (बीएचएम और सीटी), बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए), मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (एमपीए) (ऑनर्स) 5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम, बी.ए. एलएलबी (ऑनर्स) 5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम, एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी)-बी.ए.बी.एड./ बी.एससी.बी.एड./ बी.कॉम.बी.एड. (4 वर्षीय) प्रोग्राम्स की पहली सूची 10 जुलाई को प्रातः 10.00 बजे लगाई जाएगी तथा दाखिले के लिए 11 जुलाई तक फीस व मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा। दूसरी सूची (यदि सीटें खाली रहती हैं) 15 जुलाई को लगेगी तथा फीस व दस्तावेज सत्यापन 16 जुलाई तक करवाना होगा। अंतिम सूची (यदि सीटें खाली रहती हैं) 22 जुलाई को लगाई जाएगी तथा फीस व दस्तावेज सत्यापन 23 जुलाई तक करवाने होंगे। अतिरिक्त सीटों के लिए सूची 22 जुलाई को लगाई जाएगी जिसके लिए 23 जुलाई तक फीस व दस्तावेज सत्यापन करवाने होंगे। उन्होंने बताया कि यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो प्रवेश की अगली सूची 24 जुलाई से 30 जुलाई के दौरान विश्वविद्यालय प्रवेश पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी तथा कोई अलग सूचना नहीं भेजी जाएगी। इन प्रोग्राम्स के लिए कक्षाएं 01 अगस्त से प्रारंभ होंगी।*

## विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर प्रकृति सुरक्षित रखने का दिया संदेश

- नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया वन महोत्सव सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र




नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन महोत्सव सप्ताह बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा इनके माध्यम से सभी विद्यार्थियों ने अलग अंदाज में प्रकृति को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। सभी विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का अयोजन किया गया जिसमें अध्यापिका किरण शर्मा ने वन महोत्सव के महत्व को विस्तार से बताया। सप्ताह भर कक्षा स्तर पर आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों ने प्रकृति से संबंधित विभिन्न आकृतियों को रंगीन कागज के माध्यम से बनाया। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों ने रंगीन कागज से सुंदर फूल बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों ने सूखी वनस्पतियों का संग्रह किया, कक्षा नवम से दशम के विद्यार्थियों ने कंपोस्ट खाद बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया ,कक्षा एकादश से द्वादश के विद्यार्थियों ने पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर विद्यालय की मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका ऋतु चौधरी, मंजीत, मीनाक्षी नीतू, नैंसी, सीमा, परमज्योति, सोनिया, रजनी, हरिंदर, मोनिका सुमन, प्रियंका, कल्पना,पायल, पूनम, रिहाना, मधु, आशा, अंजलि, तिलेशा, अध्यापक जसमेर, शक्ति प्रकाश, अंकित सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।*

### लविश ने ड्राइंग प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान



**कुरुक्षेत्र।** धन्ना भगत स्कूल के लड़के लविश ने पंजाब के संगरूर में आयोजित फिनाले प्रतियोगिता किसमें कितना है दम रियलिटी शो में ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया। यह पदक उन्होंने माता-पिता व स्कूल अध्यापकों की मेहनत का फल बताया। लड़के के पिताजी दिनेश शर्मा ने बताया कि उनका बेटा काफी समय से ड्राइंग प्रतियोगिता की तैयारी कर रहा था।

## ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा आयोजित

- गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा आयोजित की गई। इसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके जीओ गीता परिवार लाडवा के प्रधान प्रदीप सहगल, महासचिव अनिल गुप्ता, धीरज वालिया, सतप्रकाश शर्मा, विजय वधावन व अंकुश गोयल ने किया। इस परिक्रमा में सुनील वत्स, रामकुमार शर्मा, नवीन भारद्वाज द्वारा राधा और कृष्ण भाव के गाए गए भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। सर्वेश्वर महोदव मंदिर के सामने से प्रारंभ हुई इस परिक्रमा में सविता वत्स, मीनाक्षी नरूला, अशोक अरोड़ा, तरूण धमीजा, दीपक आहुजा, राजेश ललित, कृष्ण लाल पुंडरीवाले सहित श्री कृष्ण कृपा परिवार से जुड़े अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ठाकुर जी की पालकी को भक्तों ने हाथों से खींचकर ब्रह्मसरोवर की परिक्रमा करवाई। इसके बाद ठाकुर जी आरती की गई। नगर के विभिन्न भागों में संकीर्तन और सत्संग आयोजित किए जाते हैं। गीता मनीषी का सपना है कि घर घर में गीता का प्रचार और प्रसार हो और प्रत्येक व्यक्ति गीता पाठ करे।



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए जीओ गीता लाडवा के प्रधान प्रदीप सहगल व अन्य।

### समाधान शिविर में 26 समस्याओं का समाधान

**कुरुक्षेत्र।** नगराधीश डा.रमन गुप्ता ने कहा कि प्रशासन की तरफ से लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में सप्ताह में हर सोमवार व वीरवार कार्य दिवस में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में लोगों को अपनी समस्याएं रखनी चाहिए। अहम पहलू यह है कि प्रशासनिक अधिकारियों का बकायदा शेड्यूल बनाया गया है जोकि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार व वीरवार कार्य दिवस में आमजन की समस्याओं का समाधान कर रहे है। नगराधीश डा.रमन गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करे और लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करे। इस विषय को गंभीरता के साथ लेना है और लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद समाधान भी करना है।

## 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्य पूर्ण

- गांधीनगर वार्ड 1 व 2 में विकास की झड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

पिहोवा नगर के गांधीनगर क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार ने नई ऊंचाइयों को छू लिया है। वार्ड नंबर 1 और 2 में अब तक 2 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को बुनियादी सुविधाओं में बड़ा लाभ मिला है। इन कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में वार्ड 1 के पार्षद लाभ सिंह और वार्ड 2 की पार्षद मनिंदर कौर की सराहनीय भूमिका रही है। साथ ही, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि और भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी के सहयोग से इन कार्यों को गति मिली है। इसमें 1.5 करोड़ रुपये की लागत से डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन का निर्माण प्रस्तावित। इसमें आधुनिक पुस्तकालय और विशाल सभागार भी शामिल होगा। भवन परिसर में डॉ. अंबेडकर की भव्य प्रतिमा की स्थापना प्रस्तावित। 6.5 करोड़ रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ड्रेन पर सड़क निर्माण को मंजूरी।नागरिक सुविधा हेतु बस स्टॉप पर आधुनिक शेड लगाने का प्रस्ताव।निकट भविष्य की योजना में 40 लाख रुपये की लागत से 1 किमी इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड का निर्माण शीघ्र आरंभ होगा। 50 लाख रुपये की लागत वाली गलियों के निर्माण प्रस्ताव पर कार्रवाई जारी है।

### वार्ड 2 में सौंदर्यीकरण के लिए नए पार्क का प्रस्ताव, जल्द शुरू होने की संभावना



पार्षद लाभ सिंह व मनिंदर कौर।

*वार्ड 2 की पार्षद मनिंदर कौर ने बताया कि उनके वार्ड में लगभग 1 करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं, और आगामी विकास कार्यों हेतु भी प्रस्ताव भेजे गए हैं। वार्ड 1 के पार्षद लाभ सिंह ने कहा कि नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। स्थानीय नागरिकों और पार्षदों ने सरकार और प्रशासन का आभार जताया, और विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में गांधीनगर को एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाएगा।*



### नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने संभाला जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यभार

**कुरुक्षेत्र।** नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कुरुक्षेत्र में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला), कुरुक्षेत्र की ओर से जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक एवं चैयरमैन श्री सतबीर कौशिक के नेतृत्व में उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि हसला हमेशा शिक्षक हितों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के लक्ष्यों की पूर्ति में भी तत्परता से सहयोग करता रहा है। हमें विश्वास है कि जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के अनुभव और नेतृत्व से जिले की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा मिलेगी तथा कुरुक्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी बसंत ढिल्लो, उप मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, डॉ. सुनील कौशिक, संजय कौशिक, राम मेहर, विजेंदर शर्मा, राजेश सैनी, लक्ष्मी प्रसाद, राजकपूर, अली शेर, रविदत्त, रवींद्र कुमार, अध्यापक संघ से वीरेंद्र सिंह, उमाकांत वालिया, ऋतु गुप्ता, संजीव शर्मा, प्रवीण शर्मा, संदीप चंदेल आदि मौजूद रहे।

*नवीन जिंदल शूटिंग रेंज के छात्रों की शानदार उपलब्धि*

## आठ छात्र प्री-नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा की नवीन जिंदल शूटिंग रेंज के छात्रों ने हरियाणा राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतियोगिता 1 जुलाई से 10 जुलाई 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित की गई थी, जिसमें स्कूल के 10 छात्रों ने भाग लिया। इन में से 8 छात्रों का चयन प्री-नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के अध्यक्ष पवन गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि उन्होंने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने भी छात्रों को दिल से बधाई दी और कहा कि यह सफलता छात्रों की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



**लाडवा।** नवीन जिंदल शूटिंग रेंज के छात्रों के साथ स्टाफ।

## देवशयनी एकादशी से कोई विशेष मांगलिक कार्य नहीं होते हैं : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन के अध्यक्ष व श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली के अध्यक्ष डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 6 जुलाई को आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी का विशेष महत्व है। इस तिथि से ही जगत के संचालक भगवान विष्णु चार माह के लिए शयन करने चले जाते हैं, इस तिथि से चार माह तक देवताओं की रात्रि होती है। देवता शयन करने जाते हैं, इसलिए आषाढ़ी एकादशी को देवशयनी एकादशी और हरिशयनी एकादशी आदि नामों से जाना जाता है। देवताओं के योग निद्रा में जाने के कारण चार माह तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होते हैं।

**देवशयनी एकादशी का महत्व**



जो भी व्यक्ति सच्चे हृदय से देवशयनी एकादशी का व्रत करता है और भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करता है। उस व्यक्ति के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। उसको कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। भगवान श्रीहरि उसकी मनोकामनाओं की पूर्ति करते हैं।

आषाढ़ मॉस के शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से श्रावण, भाद्रपद ,आश्विन,कार्तिक मॉस के शुक्ल पक्ष की देव प्रबोधिनी एकादशी के समय को चातुर्मास कहा जाता है।



### बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा वायरविंग्स अकैडिमी कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में आखिरी दिन बहुत ही संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में सब- जूनियर व जूनियर वर्ग में एकमजीत, देवश्री, कशिश, गौरव, परी, मीत आदि ने शानदार प्रदर्शन किया। संघ के महासचिव प्रोफेसर पी. सी. तिवारी ने बताया कि सब- जूनियर अंडर- 09 बालक वर्ग में त्रिशन ने सार्थक को 21-17,12-15 से हराकर खिताब जीता वहीं अंडर-11 बालक युगल वर्ग में में सार्थक शर्मा व पार्थ ने विराज व रियांश मेहल को संघर्षपूर्ण मुकाबले में परास्त किया। अंडर- 13 बालिका वर्ग में परी ने न्यासा को 21-11,21-14 से शिकस्त कर खिताब जीता ।अंडर- 15 बालक युगल वर्ग में एकमजीत व पुनीत ने क्षितिज एवं कनिष्ठ को एक रोचक मुकाबले में 21-17 ,21-19 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। । अंडर- 15 बालिका युगल वर्ग में देवश्री व कशिश ने वाणी व वंशिका को परास्त कर खिताब जीता। अंडर- 17 बालक वर्ग में गौरव ने दिलीप को 21-16,21-18 से हराकर खिताब जीता। जूनियर अंडर- 19 बालक वर्ग में मीत ने निहित को एक कड़े मुकाबले में 21-17,18-21,21-19 से पराजित कर खिताब हासिल किया। इस रोमांचक प्रतियोगिता के अवसर पर जिला बैडमिंटन के कार्यकारणी सदस्य, टैक्निकल एडवाइजर विवेक शर्मा, सीनियर खिलाड़ी बलबीर कौशिक, अंकित गोयल, अमित कुमार सिंह उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

# मानसून में बढ़ते तंत्रिका व मस्तिष्क रोगों से रहें सतर्क : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

राजकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम समानी में डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से एक निःशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ डॉ. हिमांशु जैन ने मानसून के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी बढ़ते खतरों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्षा ऋतु में नमी, गंदगी और जल-जमाव के चलते तंत्रिका तंत्र और मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। उन्होंने विशेष रूप से न्यूरोपैथी, सेरेब्रल एडिमा और ब्रेन एवीएम जैसी जटिल स्थितियों का उल्लेख किया, जो इस मौसम में अधिक सक्रिय हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि मानसूनी वातावरण में संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है, जिससे नसों में सूजन, मस्तिष्क में तरल संचय और रक्त वाहिकाओं में असामान्य विकृति उत्पन्न हो सकती है, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं। इसके अतिरिक्त डॉ. जैन ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, सर्दी-खांसी और अन्य वायरल संक्रमणों के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों से बचाव, पोषक आहार के सेवन तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता है। गाँव के सरपंच पवन कुमार व विद्यालय की मुख्यध्यापिका कमलेश रानी ने डॉ. हिमांशु जैन, डॉ संजय शर्मा, डॉ प्रीती व अन्य सहयोगी सदस्यों का स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि डॉ. हिमांशु जैन एवं उनकी टीम द्वारा जनहित में चलाया जा रहा यह अभियान अत्यंत प्रेरणादायक है, जिससे न्यूरोलॉजिकल रोगों से पीड़ित ग्रामीण मरीजों को समय पर उपचार एवं परामर्श मिल रहा है। शिविर को सफल बनाने में पवन कुमार सरपंच व विद्यालय की मुख्यध्यापिका कमलेश रानी, मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू, सौरभ, रजनी, गौरव, प्रवीण, अजय, कुलदीप, नवीन, लछमन दास सहित अन्य पंचायत सदस्यगणों का उल्लेखनीय योगदान रहा।



**कुरुक्षेत्र।** कैंप में मरीजों का चेकअप करते चिकित्सक।

### 107 रोगियों का किया चेकअप

डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2014 वॉ निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 107 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। डॉ संजय शर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन जारी रखने की योजना है, ताकि समाज के वंचित वर्ग को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होती रहें।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल उर्फ साहिल को गिरफ्तार किया है। पंजलासा के गौरव ने 5 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### भैंस चोरी के मामले में चार काबू

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज भैंस चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मोहम्मद परवेज उर्फ भूरा व फिरोज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि इस वारदात में अन्य आरोपी भी संलिप्त है। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी इस्तखार उर्फ तारा व मुस्कीम को भी गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरेपियों ने अंबाला के साथ कुरूक्षेत्र व यमुनानगर में भी भैंस चोरी की कई वारदातों कों अंजाम देने का अपराध कबूला है।

### हर समस्या का अधिकारी करें समाधान

**नारायणगढ़।** समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य ही यही है कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान कर सकें।एसडीएम ने कहा कि सरकार की यह पहल समाधान शिविर आमजन को राहत देने के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में उपस्थित अधिकारी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।

### प्रगतिशील किसान सम्मानित

**नारायणगढ़।** गांव हुसैनी के प्रगतिशील किसान सूरजभान को बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार के लिए पिंजौर में आयोजित तीन दिवसीय बागवानी मेले में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान हरियाणा सरकार में पर्यटन एवं सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा तथा स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप किसान सूरजभान को 11,000 की नकद राशि, एक शील्ड और प्रशंसा पत्र भेंट किया।

### एक ही केमिस्ट से दवा लेने की दी जा रही सलाह

# पीपीपी मोड पर चल रहे हार्ट केयर सेंटर के चिकित्सक लिख रहे बाहर की दवाएं

शिकायत के बाद मंत्री अनिल विज ने दी चेतावनी, कहा स्थिति में करो सुधार नहीं तो फिर कार्रवाई के लिए रहो तैयार, बाहर की दवाओं से मरीजों की हो रही है जेब ढीली , डीजी हेल्थ ने भी नागरिक अस्पताल का किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** नागरिक अस्पताल का बाहरी दृश्य।

अंबाला कैंट में स्थित नागरिक अस्पताल में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर चल रहे हार्ट सेंटर के चिकित्सक लगातार बाहर की दवाएं लिखकर मरीजों की जेब ढीली कर रहे हैं। चिकित्सकों की ओर से लिखी जा रही दवाएं मरीजों को एक ही केमिस्ट से लेने की सलाह दी जा रही है। परिवहन, ऊर्जा और श्रम मंत्री अनिल विज के दरबार में इस मामले में शिकायत आई है। विज ने तुरंत सेंटर के प्रशासक और अन्य को चेतावनी देकर स्थिति में सुधार लाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने तल्ख अंदाज में यह भी कहा कि यदि दोबारा इस तरह की शिकायतें आईं, तो कार्रवाई की जाएगी।बता दें कि हार्ट सेंटर में चौदह माह से आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार बंद है।

सेंटर की ओर से करोड़ों की बकाया पेमेंट की बात की जा रही है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग वेरिफाइड बिलों की पूरी पेमेंट की बात कर रहा है। जबकि आयुष्मान कार्ड पर उपचार शुरू होगा या नहीं इसका इंतजार किया जा रहा है। दूसरी ओर इसी सेंटर में मरीज की मौत का मामला भी हाईकोर्ट में पहुंच चुका है।

मंत्री अनिल विज ने बताया कि उन्होंने इस मामले में पीएमओ को निर्देश दिए हैं कि इसको ठीक करा लें। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस स्थिति को ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने पीएमओ को ये भी निर्देश दिए हैं कि हार्ट केयर सेंटर में जो भी मरीज आता है उसका सिविल अस्पताल का कार्ड भी बनाया जाए।

जिससे यदि उसको अन्य दवाओं की आवश्यकता पड़े तो वह आसानी से ले सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक काउंटर हार्ट केयर सेंटर में ही खोलने के निर्देश दिए गए हैं।

### डीजी हेल्थ ने किया निरीक्षण

अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में सोमवार को स्वास्थ्य महानिदेशक प्रोग्राम डॉ. कुलदीप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। दोपहर 2 से 4 बजे तक अस्पताल की गहन जांच की गई। सबसे पहले ओपीडी ब्लॉक में जाकर सफाई व्यवस्था को बनाने के अलावा मरीजों के बैठने वाले कुर्सियों को पेंट करवाने के निर्देश दिया। मरीजों से बातचीत कर उनसे अस्पताल में मिलने वाले उपचार के बारे में जाना। वैक्सीनेशन रूम से लेकर डेंटल, फिजिशियन, आंखों व सर्जन की ओपीडी का जायजा लिया। अस्पताल की बिल्डिंग की मरम्मत के लिए बजट जारी करवाने के लिए बोला। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन से भी जानकारी जुटाई। उसके उपरांत अटल कैंसर केयर केंद्र का भी जायजा लेते हुए मरीजों की ओपीडी से लेकर दाखिल होने वाले मरीजों के बारे में जानकारी ली। जाते हुए सीएमओ डॉ. राकेश सहल, पीएमओ पूजा पेंटल सहित अन्य डॉक्टरों से भी चर्चा कर दिशा- निर्देश दिए।


**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद पेंशनर्स।

## कैशलेस मेडिकल क्लेम सुविधा से खुश नहीं पेंशनर्स, सरकार के समक्ष रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सोमवार को फेडरेशन ऑफ सीनियर सिटीजन एवं पेंशनरर्ज एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। इसमें पेंशनर्स ने भाग लिया। सर्वप्रथम पुलवामा में शहीद वीरों एवं सिंदूर ऑपरेशन में शहीद सैनिकों को नमन किया गया। 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात यह बैठक प्रधान बलदेव राज आनंद की अध्यक्षता में आरम्भ की गई। जिसमें उपस्थित पेंशनरों द्वारा अपनी मांगों पर विचार किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री को अलग से पत्र लिखकर अपनी मांगों को अलग से रखने के लिए समय देने की मांग की जाए। पेंशनर्स ने कहा कि सरकार उन्हें कैशलेस मेडिकल सुविधा प्रदान की गई है परन्तु यह पूर्ण रुप से लागू नहीं हो रही है। सीएससी सेंटर वाले सभी के 5 लाख रुपये के कार्ड बना रहे हैं जो कि गलत हैं। पेंशनरों को जो कैशलेस मेडिकल सुविधा दी गई है वह अनलिमिटिड है। वह पेंशनर के पीपीओ तथा परिवार के आश्रितों का भी ब्यौरा होना चाहिए परन्तु वर्तमान में जो कार्ड बनाए जा रहे हैं उनमें ऐसा कोई ब्यौरा नहीं है। इस कार्य को डेढ़ वर्ष से अधिक समय हो गया है परन्तु अभी तक अस्पतालों में इसे सही प्रकार से लागू नहीं किया गया। 65, 70 और 75 वर्ष होने पर पेंशनर्स को मूल वेतन में अन्य राज्यों की भांति क्रमशः 5, 10 और 15 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। एलटीसी व मेडिकल की सुविधा फैमिली पैंशनरर्ज को भी देने की मांग रखी गई।बैंकों द्वारा ब्याज की दर कम कर दी गई है जिसके कारण पेंशनरों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ यह भी मांग की गई कि कम्यूटेशन में कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष में की जाए। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा जो भी फैसले पेंशनर्स के हक में दिए जाते हैं उन्हें शीघ्र लागू किया जाए।

### ये रहे मौजूद

*इस दौरान साधु सिंह, सुदर्शन शर्मा, गुलशन कुमार, सुरेंद्र शर्मा, गुरमेल सिंह, एससी कुमार, जयराम दास, दिलेर सिंह, एस.गुलाटी, वीना रानी, उषा दुबे, जगजीत कौर, कर्म सिंह, शांति देवी, शकुंतला देवी, बृजमोहन, अजय बक्शी, जीवन प्रकाश, कांता रानी, किरण बाला, हरपाल सिंह, प्रताप सिंह, मोहन लाल, रमेश प्रभाकर कुलवंत सिंह भी मौजूद थे।*

## आरपीएस के ईशान व अंशुल ने इंडिया लेवल पर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** ईशान व अंशुल को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस महेंद्रगढ़ के दो विद्यार्थी ईशान व अंशुल ने इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा आयोजित बैचलर आफ मैथमेटिक्स प्रवेश परीक्षा में अपनी केटैगरी में आल इंडिया लेवल पर दूसरी व तीसरी रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों चयनित विद्यार्थी इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता में निःशुल्क रिसर्च करेंगे। साथ में इन दोनों विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन लेवल पर पांच हजार रुपये और पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल पर आठ हजार रुपये प्रति माह स्टाइफंड मिलेगा। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस आज अभिभावकों के विश्वास के पर बच्चों के सपनों को साकार करने का उचित मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करें, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि आरपीएस की शौधपूर्ण शिक्षा के बल पर आज हर क्षेत्र में आरपीएस के बच्चे अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं।

## पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद

- बादशाही मस्जिद में आयोजत किया गया मोहर्रम पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** कार्यक्रम में मौजूद मुस्लिम समाज के लोग।

अंबाला शहर की बादशाही मस्जिद में रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिकरे सौहदाऐ करबला (मोहर्रम) कार्यक्रम आयोजित किया गया। सासायटी के प्रधान मेराज आलम ने बताया कि रात को मुहर्रम मनाया गया ओर यह देश में मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाए जाने वाला प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह इस्लामी नए साल की शुरूआत का प्रतीक है. यह इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है। मुहर्रम का 10वां दिन जिसे आशूरा का दिन कहा जाता है। यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है। बादशाही मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए जिकरे इमाम हुसैन की महफिल सजाई गई। इसमें महमाने खसूसी सैय्यद अफजल मियां तशरिफ लाए। मौलाना मोबशशिर रजा ने बताया कि जो हक के नाम पर अल्लाह के रास्ते पर शहीद होते हैं कुरान पाक में पारा नंबर 4 रूकू नंबर 8 पर अल्लाह फरमाते है वो लोग जिंदा हैं उन्हें मुर्दा गुमान न करो। इस मौके पर छबील लगाई गई। लंगर भी तकसीम किया गया।मेराज अलाम ने बताया कि पूरी दुनिया के मुसलमान मोहर्रम पर रोजा रखते हैं। मस्जिदों में इबादत करते हैं। जिसने मोहर्रम की 9वां 10वां तारीख का रोजा रखा उसके 1 साल के गुनाह का कफ्फारा हो जाता हैं। मुहर्रम और कर्बला का वाक्य हमारे दिलों को जुल्म के खिलाफ, कमजोर के साथ खड़े होने की सिख और ताकत देता है।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर शमशाद , जुनैद अंसारी, बब्लू भाई, अनवर,फारुक, नौशाद, नूर आजम, कलीम अशरफ, अबरार, औवेस, सब्बीर खान, सद्दाम,हसनैन, हाफिज इरफान,सनाउल्लाह, हामिद, शान, अरशद, इसरार खान, इलियास, दिलावर, अली, सलीम,अकरम, मोहम्मद शाकिर, इशाक, इब्राहिम समेत भारी संख्या मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।*

## भाजपा ने गरीबों का निवाला छीना

- सत्ता मिलते ही वादे भूले, अधिकार छीन लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते एडवोकेट रोहित जैन।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा ने चुनावी मौसम में गरीबों को सपनों की थाली परोसी और सत्ता पाते ही उन्हीं के हाथ से निवाला छीन लिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बीपीएल सूची से लाखों परिवारों को बाहर करना न केवल असंवेदनशील निर्णय है, बल्कि यह सीधा-सीधा जनविरोधी और अमानवीय कृत्य है।

जैन ने कहा कि बीते तीन महीनों में 6 लाख 36 हजार से अधिक राशन कार्ड रद्द कर दिए गए। मई माह में ही 3 लाख 27 हजार से अधिक परिवारों को सूची से हटा दिया गया। केवल फरीदाबाद में 20,266, पानीपत में 15,502, करनाल में 15,059, अंबाला में 14,501, सोनीपत में 12,698, सिरसा में 7,896 और कुरुक्षेत्र में 10,278 कार्ड काटे गए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या अब सरकार के लिए 1.80 लाख वार्षिक आमदनी वाला परिवार 'समृद्ध' मान लिया गया है? उन्होंने कहा कि यह वही भाजपा है जिसने चुनावों से पहले प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी को बीपीएल श्रेणी का बताया और सत्ता पाते ही उसी सूची से 18 लाख नाम साफ़ कर दिए। अब सरकारी योजनाओं से गरीबों को बाहर निकालकर अपने ही किए वादों का गला घोंटा जा रहा है। जैन ने कहा कि इस सरकार ने बीपीएल परिवारों की शिनाख्त के नाम पर फ़िज़िकल सत्यापन की आड़ में मनमाने तरीके से लोगों को हटाया है। कहीं तकनीकी बहाने बनाए गए, कहीं दस्तावेजों का सहारा लिया गया।

## संस्कार, नैतिक मूल्य और अनुशासित जीवनशैली को लेकर छात्र किए प्रोत्साहित


**बराड़ा।** हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए प्रतिभागी।

**बराड़ा।** डीएवी विद्यालय में प्राचार्या सुनीता कपूर के ब्राह्मत्व में अमृत वेला के पावन अवसर पर आशीर्वाद यज्ञ का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने और उनके जन्मदिन को वैदिक परंपराओं के साथ मनाने हेतु किया गया। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों का जन्मदिन यज्ञशाला में वैदिक विधि-विधान के अनुसार मनाया गया। विद्यालय परिवार की यह सराहनीय पहल विद्यार्थियों में संस्कार, नैतिक मूल्य और अनुशासित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यज्ञ के दौरान प्राचार्या ने विद्यार्थियों को एकाग्रता और संकल्प की शक्ति के बारे में प्रेरक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि एकाग्रचित व्यक्ति ही जीवन में ऊर्जा से भरकर उच्च लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है।

## शिविर में एडीसी ने सुनीं लोगों की शिकायतें अधिकारियों को दिए समाधान के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लोगों की शिकायतें सुनते एडीसी।

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि समाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति उनके कार्यालय में भी कोई शिकायत देता है तो वे उस शिकायत भी प्राथमिकता से समाधान करें। अतिरिक्त उपायुक्त जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर उनके साथ नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विजय कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिन्हें संबंधित विभागों को मार्क करते हुए इन शिकायतों का निपटान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र में त्रुटि , पानी निकासी , राशन कार्ड कटने , सरकार की योजना के तहत मकान उपलब्ध करवाने , आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अन्य समस्याओं बारे भी प्रार्थियों ने अपनी शिकायतें प्रार्थना पत्र के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष रखी। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस मौके पर यह भी बताया कि समाधान शिविर में अभी तक 4364 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इसमें से 4119 शिकायतों का समाधान किया गया है जबकि 66 शिकायतें लंबित हैं।

## डेढ़ साल बाद भी प्रॉपर्टी आईडी में गंभीर खामियां

- अब निगम ने 46 कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम की ओर से डेढ़ वर्ष बाद भी संपत्ति कर आईडी में गलती को ठीक नहीं किया गया है। इन गलती को ठीक करवाने के लिए निगम में लोग धक्के खा रहे हैं। कई बार निगम की से ओर से शिविर लगाए गए हैं, इसके बाद भी आईडी को सत्यापित करने में समय लग रहा है। अब फिर निगम की ओर से फील्ड में कर्मचारी उतार दिए गए हैं। करीब 46 कर्मचारियों की ड्यूटी आईडी को सत्यापित करने के लिए लगाई गई है। अंबाला शहर में कंपनी में 2021 में संपत्ति कर आईडी को लेकर सर्वे किया था। उस दौरान सर्वे में आईडी में गलती कर दी गई। किसी आईडी में नाम गलत लिखा गया और किसी में वर्गगज और पता। ऐसी कई गलती आईडी में की गई। इन गलती को ठीक करने के लिए निगम पिछले 2 वर्ष से आईडी को सत्यापित करने के लिए शिविर लगा रहा है। मगर अभी तक 1 लाख 23 हजार में से 35 आईडी ही सत्यापित हुई हैं। यही नहीं लोगों के साथ ही निगम कर्मचारियों को भी आईडी में गलती होने से दिक्कत आ रही है, क्योंकि निगम के पोर्टल पर टैक्स लाखों रुपये दर्शाया जाता है, जब निगम अधिकारी आईडी में वर्गगज के हिसाब से चेक करते हैं तो वह हजारों में ही रह जाता है।

### वार्ड नंबर 9 में 35 लाख के विकास कार्य हुए

# अंबाला सदर नप के सदस्यों का 100 दिन का कार्यकाल पूरा

- सदस्यों के सौ दिन पूरे होने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी, भाजपा सदस्य बोली 100 दिन में हुए बेहतर विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** कबीरनगर में आयोजित मीटिंग के दौरान भाजपा सदस्य व कार्यकर्ता।

अंबाला सदर नगर परिषद के सदस्यों के 100 दिन का कार्यकाल पूरा हो गया है। इस सिलसिले में वार्ड नंबर 9 में धर्मवीर मेहंदीरत्ता के आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वार्ड सदस्य रेणू चौहान समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर नप सदस्य रेणू चौहान ने बताया कि ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के आशीर्वाद से 100 दिनों के कार्यकाल में 35 लाख के विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था में पहले से सुधार हुआ है। स्ट्रीट स्ट्रीट लाइट का भी निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि सभी स्ट्रीट लाइटें वार्ड को रोशन करती रहें। पानी की सप्लाई में परेशानी न हो इसके लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बी ब्लॉक में नई पाइपलाइन डाली गई है। 22 लाख की लागत से कबीर नगर में इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क और पाइप का काम पूरा कराया। लगभग 7 लाख के लागत से कबीर नगर में सड़क व नाली का काम पूरा कराया। उन्होंने बताया कि लगभग 6 लाख की लागत से पांच गालियां कबीर नगर में तीन बी ब्लॉक दयालबाग में एक पालिका बाजार में एक शिव प्रताप नगर में एक इंटरलॉकिंग टाइल्स से सड़क बनवाई गई। इसके अलावा भगवती मंदिर सड़क पर इंटरलॉकिंग टाइल्स से गड्ढे भरवाए गए। नालियों का भी निर्माण करवाया गया। साथ ही लोगों की सुविधा के लिए तीन पुलिया भी बनवाई गई हैं। इसके अलावा आरसीसी की सड़क की मरम्मत करवाई है। सभी सड़कों के टेंडर व वर्क ऑर्डर पूरी हो चुके हैं। इसके अलावा गुलशन सेठी के घर तक सड़क और पाइप डाले जाएंगे।

टेंडर हार्ट स्कूल के पास पाइप व इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क बनाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी से विजेंद्र चौहान, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं स्ट्रीट लाइट कमेटी के प्रधान नीरज शर्मा, वर्क्स कमेटी के प्रधान एवं बूथ अध्यक्ष सतनाम सैनी ,सफाई कमेटी के प्रधान एवं बूथ अध्यक्ष सुनील कन्नौजिया सदस्य आनंद भाटिया कमल भनोट, गौरव धीमान, अजय जिंदल, राजीव भाटिया भी उपस्थित रहे।